समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# UPSC IFS फाइनल रिजल्ट 2024 घोषित : देखे कितने उम्मीदवार हुए चयनित, यहां करे डायरेक्ट चेक ।

Publisher

Published on 20 May 2025




## UPSC IFS Final Result 2024 जारी : 143 उम्मीदवारों ने पाई सफलता, ऐसे करे चेक ।

**नई दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) ने बहुप्रतीक्षित **भारतीय वन सेवा (IFS) परीक्षा 2024** का **फाइनल रिजल्ट** आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर घोषित कर दिया है। इस रिजल्ट का लंबे समय से इंतजार कर रहे उम्मीदवार अब अपना रोल नंबर PDF लिस्ट में सर्च कर सकते हैं।

**परीक्षा का आयोजन कब हुआ था ?**

IFS परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई थी:

१. **लिखित परीक्षा : 24 नवंबर से 1 दिसंबर 2024**

२. **इंटरव्यू / व्यक्तित्व परीक्षण : 21 अप्रैल से 2 मई 2025**

**कितने उम्मीदवार हुए पास ?**

UPSC ने इस बार कुल **143 उम्मीदवारों** का चयन किया है, जिसमें सभी वर्गों से अभ्यर्थी शामिल हैं। खास बात यह है कि इस चयन में **दिव्यांग उम्मीदवारों** को भी पूरा मौका दिया गया है।

| वर्ग | चयनित उम्मीदवार | दिव्यांग उम्मीदवार |
|---|---|---|
| सामान्य | 40 | 4 (2 श्रेणी-2, 2 श्रेणी-3) |

| | | |
|---|---|---|
| EWS | 19 | – |
| OBC | 50 | 1 (श्रेणी-2) |
| SC | 23 | – |
| ST | 11 | – |
| कुल | 143 | 5 दिव्यांग |

**ऐसे करे UPSC IFS Result 2024 चेक :**

१. **UPSC** की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाएं।
२. “**What’s New**” सेक्शन में जाएं।
३. “**Indian Forest Service Final Result 2024**” लिंक पर क्लिक करें।
४. खुली हुई PDF फाइल में **Ctrl+F** दबाकर अपना रोल नंबर सर्च करें।

**UPSC से सहायता कैसे ले ?**

अगर किसी उम्मीदवार को रिजल्ट या चयन प्रक्रिया को लेकर कोई सवाल है, तो वे UPSC सुविधा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं:

१. **स्थान : UPSC भवन, परीक्षा हॉल के पास**
२. **समय : सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10 से शाम 5 बजे**
३. हेल्पलाइन नंबर:
? **011-23385271**
? **011-23381125**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.